संख्या ए-12023/01/2019-एन.टी.एच.
भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
उपभोक्ता मामले विभाग
(राष्ट्रीय परीक्षण प्रयोगशाला प्रभाग)

12/2, जाम नगर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली
दिनांक 4 दिसम्बर, 2014

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: राष्ट्रीय परीक्षण शाला, कोलकाता, उपभोक्ता मामले विभाग में महानिदेशक के पद को भरा जाना।**

राष्ट्रीय परीक्षण शाला, कोलकाता में महानिदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के साथ पदोन्नति, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने के लिए उपयुक्त अधिकारी की सेवाएं अपेक्षित हैं। चयनित अधिकारी का वेतन सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले अनुदेशों के अनुसरण में विनियमित किया जाएगा।

2. अनुरोध है कि पात्र और इच्छुक अधिकारियों, जिन्हें इस पद पर उनका चयन हो जाने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन सभी अपेक्षित जानकारियों सहित अनुलग्नक-II के अनुसार अग्रेषित किए जा सकते हैं ताकि आवेदन **उप निदेशक (एनटीएच), उपभोक्ता मामले विभाग, 12/2, जाम नगर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110011 को इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तारीख से 60 दिनों (साठ दिनों) के अन्दर-अन्दर प्राप्त हो।** अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. अग्रेषित करने वाले प्राधिकारियों द्वारा अधिकारी के आवेदन के साथ संबंधित अधिकारी के विगत पांच वर्षों के चरित्रवृत्त/एपीएआर भी भेजे जाएं। आवेदन अग्रेषित करते समय, लेंडिंग प्राधिकारी द्वारा यह प्रमाणित किया जाना चाहिए कि अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हैं और अधिकारी के विरूद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लंबित अथवा विचाराधीन है (अनुलग्नक-III)। अग्रेषित करने वाला/प्रायोजक प्राधिकारी, संबंधित अधिकारी पर पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिरोपित की गई छोटी/बड़ी शास्तियों, यदि कोई हों, की सूची सहित सत्निष्ठा प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत करें। जो अधिकारी स्वेच्छा से इस पद के लिए अपना नाम देते हैं उन्हें बाद में अपना नाम वापिस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

भवदीय,

(डी. के सोनकर)
उप निदेशक, भारत सरकार
दूरभाष /फ़ैक्स सं. 011 23073612

विषय: राष्ट्रीय परीक्षण शाला में, वेतन मैट्रिक्स के स्तर-14 (144200-218200 रूपये) में महानिदेशक के पद (समूह 'क') को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) और प्रोन्नति के आधार पर भरा जाना।

महोदय/महोदया,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय परीक्षण शाला, कोलकाता जो कि उपभोक्ता मामले विभाग का एक अधीनस्थ कार्यालय है, में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-14 (144200-218200 रूपये) में महानिदेशक के पद (समूह 'क') को समेकित रीति से, **प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) और प्रोन्नति के आधार पर, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा** निम्नलिखित में से भरे जाने का निर्णय लिया गया है:-

(1) केन्द्र/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसन्धान संस्थानों अथवा विकास संगठनों/अर्ध सरकारी, सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों के ऐसे अधिकारी आवेदन के पात्र हैं, जो :-

(क) (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हो; अथवा

(ii) मूल संवर्ग/विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13क (133100-216600 रूपये) में या समतुल्य ग्रेड में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरान्त दो वर्ष से सेवारत हो; अथवा

(iii) मूल संवर्ग/विभाग में वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 (123100-215900 रूपये) में या समतुल्य ग्रेड में नियमित आधार पर नियुक्ति के उपरान्त तीन वर्ष से सेवारत हो; और

(ख) **निम्नलिखित अनिवार्य योग्यताएं और अनुभव रखते हों;**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र (प्यूर/एप्लाइड) या भौतिक शाखा (प्यूर/एप्लाइड) में स्नातकोत्तर डिग्री या इंजीनियरिंग या धातु विज्ञान या वस्त्र अथवा रबड़ प्रौद्योगिकी में डिग्री अथवा समकक्ष; और

(ii) (क) धातुओं के परीक्षण और मूल्यांकन के क्षेत्र में पन्द्रह वर्ष का अनुभव; या (ख) मानकीकरण, गुणता आश्वासन और विश्वसनीयता के क्षेत्र में पन्द्रह वर्ष का अनुभव, जिसमें से कम से कम पांच वर्ष का अनुभव सामग्री और स्वतन्त्र आयोजना तथा परियोजनाओं के निष्पादन के क्षेत्र में होना चाहिए।

**वांछनीय:**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायनशास्त्र अथवा भौतिकीशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि या इंजीनियरिंग या धातु विज्ञान या वस्त्र अथवा रबड़ प्रौद्योगिकी में स्नातकोतर की उपाधि अथवा समकक्ष;

(i) अधिमानत किसी प्रयोगशाला में प्रशासनिक अनुभव; अथवा

(ii) औद्योगिक सामग्री और परीक्षण पद्धति विज्ञान में अनुसंधान का अनुभव।

(II) बाह्य आवेदकों के साथ-साथ, राष्ट्रीय परीक्षण शाला के निदेशक (ग्रेड-II) जिसका वेतनमान वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 (123100-215900 रूपये) हो और जो ग्रेड में तीन वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हो, पर भी विचार किया जाएगा और यदि पद पर नियुक्ति के लिए उनका चयन हो जाता है, तो उसे पदोन्नति द्वारा भरा हुआ माना जाएगा।

**टिप्पणी-1** फीडर श्रेणी में विभागीय अधिकारी जो सीधे पदोन्नति की सूची में है, प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

**टिप्पणी-2** प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि जिसमें उसी अथवा केंद्रीय सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) की अवधि शामिल है, सामान्यत: पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पणी-3** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को 58 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**टिप्पणी-4** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए, 1 जनवरी, 2016 से पहले अथवा सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर वेतन मैट्रिक्स में संशोधित स्तर को लागू किए जाने की तारीख से पहले किसी अधिकारी द्वारा नियमित आधार पर दी गई सेवा को उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर लागू वेतन मैट्रिक्स में तदनुरूपी स्तर में दी गई सेवा समझा जाएगा सिवाय वहां जहां एक से अधिक पूर्व-संशोधित वेतनमानों को वेतन मैट्रिक्स में साझा स्तर के साथ एक ग्रेड में मिला दिया गया हो और जहां यह लाभ केवल उन पदों के लिए होगा जिसके लिए वेतन मैट्रिक्स में वह स्तर बिना किसी उन्नयन के सामान्य प्रतिस्थापन ग्रेड हैं।

(II) **तैनाती का स्थान कोलकाता है।**

**(III) पद के कर्त्तव्यों का सार:**

महानिदेशक, राष्ट्रीय परीक्षण शाला निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा - (i) राष्ट्रीय परीक्षण शाला सहित कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, गाजियाबाद, गुवाहाटी और जयपुर स्थित उसकी क्षेत्रीय शाखाओं शाला की समग्र गतिविधियों के लिए। वह राष्ट्रीय परीक्षण शाला के विभागाध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेगा; (ii) परीक्षण और मूल्यांकन सुविधाओं के विस्तार के लिए योजना स्कीम का कार्यान्वयन (iii) राष्ट्रीय परीक्षण शाला की गतिविधियों का आवश्यकतानुसार विस्तार के लिए विकासात्मक कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करना;

2. अनुरोध है कि उपर्युक्त योग्ताओं तथा अनुभव को पूरा करने वाले इच्छुक अधिकारियों, जिन्हें इस पद पर उनका चयन हो जाने की स्थिति में तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन संलग्न प्ररूप (अनुलग्नक-II) में, 5 वर्षों की गोपनीय रिपोर्टों/एपीएआर, सर्तकता निकासी, पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई शास्ति नहीं संबंधी विवरण, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र और संवर्ग निकासी (संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार) सहित, **उप निदेशक, उपभोक्ता मामले विभाग, 12/2, जाम नगर हाऊस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली-110011 को इस पत्र के जारी होने की तारीख से 60 दिनों (साठ दिनों) के अन्दर-अन्दर अग्रेषित कर दिए जाएं।**

उपर्युक्त उल्लिखित दस्तावेज़ों संलग्न न किए हुए अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अंतिम तारीख से पहले/बाद प्राप्त होने वाले आवदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

(डी.के. सोनकर)
उपनिदेशक (एन.टी.एच.)

प्रति

1. निदेशक, एनपीएल, नई दिल्ली
2. महानिदेशक, एनटीएच कोलकाता
3. एनआईसी, उपभोक्ता मामले विभाग, कृषि भवन – विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करने के लिए।

**अनुलग्नक-I**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पदनाम | : | महानिदेशक |
| 2. | तैनाती का स्थान | : | राष्ट्रीय परीक्षण शाला, कोलकाता |
| 3. | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | : | स्तर – 14 (144200 – 218200 रूपये) |
| 4. | पदों की संख्या | : | 1 (एक) |
| 5. | वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'क' राजपत्रित, अननुसचिवीय |
| 6. | पात्रता शर्तें | : | |

I. केंद्रीय/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या विकास संगठनों/अर्द्ध-सरकारी, सांविधिक अथवा स्वायत्तशासी संगठनों के वे अधिकारी,

(क) (i) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारण किए हों या
(ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में पे मैट्रिक्स के पे लेवल 13-ए (131100-216600 रु.) में अथवा समतुल्य पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात इस श्रेणी में दो वर्ष की सेवा की है; या
(iii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में पे मैट्रिक्स के पले लेवल13 (118500-214100 रु.) में अथवा समतुल्य पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात इस श्रेणी में तीन वर्ष की सेवा की है; और
(ख) जो स्तंभ 7 के अधीन सीधी भर्ती के लिए विहित किए गए अनुभव और शैक्षिक अर्हताएं रखता हो।
II. ऐसे विभागीय निदेशक (ग्रेड 2) जिन्होंने पे मैट्रिक्स के पे-लेवल 13 (118500-214100 रु.) में तीन वर्ष की सेवा की है, पर भी बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जाएगा और ऐसी दशा में नियुक्ति के लिए चयनित किए जाने पर, उस पद पर प्रोन्नति द्वारा भरा गया समझा जाएगा।

**टिप्पण 1-** पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

7. शैक्षणिक एवं अन्य अपेक्षित अर्हताएं:

**आवश्यक:**

(i) किसी मान्यता-प्राप्त विश्व विद्यालय से रसायन विज्ञान (विशुद्ध या अनुप्रयुक्त) या भौतिक विज्ञान (विशुद्ध या अनुप्रयुक्त) में स्नातकोत्तर डिग्री या इंजीनियरिंग या धातु विज्ञान या टैक्सटाइल/रबड़ प्रौद्योगिकी में डिग्री या समतुल्य: तथा

(ii) (क) पदार्थों के परीक्षण तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में 15 वर्ष का अनुभव रखता हो; या

(ख) मानकीकरण, गुणवत्ता, विश्वसनीयता और यथार्थता में 15 वर्ष का अनुभव जिनमें से कम से कम 5 वर्ष, पदार्थों तथा परियोजनाओं के स्वतंत्र आयोजन और निष्पादन में अनुभव हो।

**वांछनीय:**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान/भौतिकी में डाक्टरेट की उपाधि या इंजीनियरिंग/धातु विज्ञान/टैक्सटाइल/रबड़ प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य;

(ii) प्रशासनिक अनुभव अधिमानत: किसी प्रयोगशाला में; तथा

(iii) औद्योगिक पदार्थों तथा परीक्षण पद्धति विज्ञान में अनुसंधान का अनुभव।

**टिप्पण 1 :** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है।

**टिप्पण 2:** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है।

8. **कर्त्तव्य अपेक्षाएं:**

महानिदेशक, राष्ट्रीय परीक्षण शाला निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा - (i) राष्ट्रीय परीक्षण शाला सहित कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, गाजियाबाद, गुवाहाटी और जयपुर स्थित उसकी क्षेत्रीय शाखाओं शाला की समग्र गतिविधियों के लिए। वह राष्ट्रीय परीक्षण शाला के विभागाध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेगा; (ii) परीक्षण और मूल्यांकन

सुविधाओं के विस्तार के लिए योजना स्कीम का कार्यान्वयन (iii) राष्ट्रीय परीक्षण शाला की गतिविधियों का आवश्यकतानुसार विस्तार के लिए विकासात्मक कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करना;

9. **प्रतिनियुक्ति/अनुबंध की अवधि** :

प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसीअन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति (जिसके अंतर्गत, अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 58 (अट्ठावन) वर्ष से अधिक नहीं होगी।

**अनुलग्नक-II**

**मंत्रालय/विभाग ..............................................................................**

1. नाम और पता (बड़े अक्षरों में) (कार्यालय और आवास का पूरा पता)

2. जन्म तिथि (ईसवी सन् में)

3. केंद्रीय/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/अन्य संस्थानों आदि नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख :

4. (क) वर्तमान धारित पद
   (ख) वेतन मैट्रिक्स में स्तर (वेतनमान .......................... रूपये)
   (ग) वह तारीख जिससे पद धारित किया, और
   (घ) क्या यह पद संवर्ग का है अथवा बाह्य-संवर्ग

5. यदि बाह्य-संवर्ग है
   (क) नियमित आधार पर अधिकारी द्वारा धारित पद
   (ख) वेतन मैट्रिक्स में स्तर (वेतनमान ............................. रूपये)
   (ग) वह तारीख जिससे पद धारित किया

6. शैक्षिक अर्हताएं और अन्य विशिष्ट अर्हताएं, यदि कोई हों;

7. क्या अधिकारी पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं

8. समय-समय पर धारित पद सहित अनुभव के ब्यौरे;

9. अनुभव के ब्यौरे ;
   (क) सामग्री के परीक्षण और मूल्यांकन के क्षेत्र में
   (ख) मानकीकरण, गुणवत्ता आश्वासन और विश्वसनीयता और स्वतंत्र आयोजना एवं परियोजना का कार्यान्वयन

10. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंध रखते हैं

तारीख:

आवेदक के हस्ताक्षर

**अग्रेषित करने वाले/प्रायोजक प्राधिकारी द्वारा दिया जाना वाला प्रमाणपत्र**

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री...................................... द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी विवरण सही है और उनके विरूद्ध किसी भी प्रकार का सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है। अधिरोपित छोटी/बड़ी शास्तियों, यदि कोई हो, के विवरण सहित सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र, जिसे भारत सरकार के अधिकारी, जिनका स्तर उप सचिव से कम नही हैं, द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है, भी संलग्न है। वर्ष 2018-19 तक के सी.आर. डोजियर रिपोर्टें* भी साथ में अग्रेषित की गई हैं।

* एसीआर/एपीएआर का वर्षवार विवरण अलग सूची में दिया जाना है। यदि एसीऔर में कोई अंतराल अवधि हो तो नोन-इनिशियेसन प्रमाणपत्र भी प्रस्तुत किया जाए।

विभागाध्यक्ष/प्रायोजन प्राधिकारी के हस्ताक्षर